दिन–रविवार	दिनांक– 25 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।	अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में आज राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है। श्री मोदी ने तेइस अगस्त को पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के जश्न का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले वर्ष आज ही के दिन चंद्रयान–3 ने चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से में शिव शक्ति बिंदु पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना है।

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष लालकिले से उन्होंने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था में जुडने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि इसका युवाओं पर जबरदस्त प्रभाव पडा है और बडी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे उचित अवसर और मार्गदर्शन की तलाश में है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि युवाओं के सामूहिक प्रयास से ऐसे युवा राजनीति में आगे आ सकेंगे जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं हैं।

हर घर तिरंगा अभियान की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के रियासी समेत देशभर मे तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमे हर उम्र के लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों ने यह अनुभव किया होगा कि स्वतंत्रता दिवस अब सामाजिक पर्व बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोगों से कैच द रेन मूवमेंट और एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने फिटनेस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि फिट रहने के लिए लोगों को अपने खान–पान और रहन–सहन पर ध्यान देते रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बताया कि लोग अपनी थाली में अब सुपरफूड मिलेट्स यानि श्रीअन्न को भी जगह देने लगे हैं। उन्होंने

कहा कि इन सब प्रयासों का उद्देश्य यही है कि हर परिवार का हर सदस्य फिट और स्वस्थ रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों का पोषण देश की प्राथमिकता है। श्री मोदी ने कहा कि हर वर्ष पहली सितम्बर से तीस सितम्बर तक पोषण माह मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष पोषण अभियान को नई शिक्षा नीति के साथ जोड़ा गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगले कुछ दिनों में पेरिस में पैरालिम्पिक्स शुरू हो रहे हैं। श्री मोदी ने नागरिकों से हैश टेग चीयर फॉर भारत के साथ जुड़कर भारतीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री ने आगामी त्योहारों– जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ओणम, मिलाद–उन–नबी और तेलुगु भाषा दिवस की लोगों को बधाई दी।

————————————————————————————

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत सुनिश्चित पेंशन और सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन का लाभ कर्मचारियों को मिलेगा। यह एकीकृत पेंशन योजना अगले वर्ष एक अप्रैल से लागू हो जायेगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के इस अहम फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि यूपीएस का पहला स्तंभ है– 50 फिसदी सुनिश्चित पेंशन। उन्होंने कहा कि यह पच्चीस साल की सेवा के आखिरी बारह महीनों के औसत मूल वेतन का पचास फिसदी होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि न्यूनतम 10 वर्ष की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त होने पर कम से कम दस हज़ार रूपए पेंशन की गारंटी होगी। इसके अलावा, कर्मचारी के देहान्त के बाद परिवार पेंशन साठ प्रतिशत कर दी गई है। इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मियों को लाभ होगा।

————————————————————————————

सरकारी कर्मचारियों ने सुनिश्चित पेंशन वाली एकीकृत पेंशन योजना का स्वागत किया है। कर्मचारियों ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। केंद्रीय मंत्रियों राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और जीतनराम मांझी ने इस कदम के लिए प्रधानमंत्री का आभार जाताया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी नई पेंशन योजना को लेकर केन्द्रीय कर्मचारियों को बधाई दी है।

————————————————————————————

समाप्त